Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 19-03-2007

Participants : Athawale Shri Ramdas

an>

Title: Need to distribute surplus land available in the Country to landless labourers and increase the Budget-allocation of SCs/STs Finance Development Corporation.

श्री रामदास आठवले (पंढरपुर) : देश में लगभग 8 करोड़ हेक्टेयर 20 एकड़ भूमि सरप्लस हे, जो बिना उपयोग के बेकार पड़ी हुई है तथा वहीं दूसरी ओर हमारे देश में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग सहित दूसरे समुदाय के ऐसे बहुत से नागरिकों की संख्या करोड़ो में है, जिनके पास कोई भूमि नहीं है।

देश में गरीबी की रेखा से नीचे रहने वाले लोगों की संख्या 26 प्रतिशत से भी अधिक है । आगामी 10 र्वाों में देश में गरीबी की रेखा से नीचे रहने वाले लोगों को ऊपर उठाये जाने हेतु एक विस्तृत योजना बनाये जाने के साथ-साथ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय को रोजगार के विशो अवसर सुलभ कराये जाने हेतु अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति विकास निगम का बजट बढ़ाया जाना चाहिए।

मेरा अनुरोध हे कि केन्द्र सरकार देश के भूमिहीनों को सरप्लस भूमि से भूमि का आबंटन किए जाने एवं गरीबी की रेखा से नीचे रहने वाले लोगों को गरीबी की रेखा से ऊपर उठाये जाने हेतु एक विस्तृत योजना बनाये जाने के साथ-साथ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वित्त विकास निगम का धनाबंटन बढ़ाये जाने हेतु आवश्यक कदम उठाए।